समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# आतंकवादी आदिल को सुरक्षा बलों ने किया ढेर

Publisher

Published on 05 Feb 2026



**जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ मे सुरक्षा बलों ने पाकिस्तानी जैश-ए-मोहम्मद (JeM) के खतरनाक आतंकी आदिल को मार गिराया**, जो लगभग **18 महीने से फरार था और करीब **20 बार सुरक्षा घेरों को तोड़कर भाग चुका था**। आदिल का खात्मा बुधवार की शाम **चट्टू क्षेत्र** में एक लंबे ऑपरेशन के बाद हुआ, जिसमें सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) शामिल थे।

सुरक्षा एजेंसियों को ख़ास **इंटेलिजेसं इनपुट** मिलने के बाद चट्टू क्षेत्र को कड़ी निगरानी में लिया गया। आदिल ने पहाड़ों के कठिन इलाकों में बनी प्राकृतिक गुफाओं और अस्थायी ठिकानों का इस्तेमाल कर कई बार आतंक फैलाने की कोशिश की थी, लेकिन इस बार उसे घेर कर मारा गया। अधिकारियों के अनुसार, पिछले कई अभियानों में वह कॉलम से निकलकर भागने में सफल रहा, लेकिन **इस बार भागने मे कामयाब नहीं हो सका।** स्थानीय लोग भी उसकी मौत से राहत महसूस कर रहे हैं।

आतंकी आदिल के सहयोगी **सैफुल्लाह** की तलाश जारी है, जिसे अधिकारी पाकिस्तानी नागरिक बताते हैं और जिसने पिछले दो साल से किश्तवाड़ तथा डोडा क्षेत्रों में कई हमलों में भाग लिया है। सुरक्षा बलों का दावा है कि सैफुल्लाह युवाओं को सशस्त्र गतिविधियों के लिए प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है, जिससे इलाके में आतंकवाद को फिर से उभार मिले। इसके लिए कई सर्च ऑपरेशंस और अभियान चलाए जा रहे हैं।

सुरक्षा बल ड्रोन और स्नीफर कुत्तों की मदद से कहीं भी आतंकियों को छुपने का मौका न मिले, इसके लिए जंगल और दुर्गम इलाके बारीकी से तलाश रहे हैं। अधिकारियों ने कहा है कि "**हम तब तक पीछा नहीं छोड़ेगें जब तक आख़िरी आतंकवादी भी इन पहाड़ों से नहीं निकल जाता।**"

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.